चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांकः परीक्षा / डी0आर0 / 8493
दिनांक : 24.01.2024

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अनुदानित महाविद्यालय,
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय / महोदया,

विश्वविद्यालय की सत्र दिसम्बर–2023 की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं सुचारू एवं शुचितापूर्ण सम्पन्न हों इसलिए विश्वविद्यालय द्वारा विभिन्न राजकीय एवं अनुदानित महाविद्यालयों के शिक्षकों को बाह्य वरिष्ठ केन्द्र अधीक्षक एवं उड़न दस्ते इत्यादि कार्यों हेतु नामित किया गया है। संज्ञान में आया है कि कतिपय महाविद्यालयों द्वारा अपने शिक्षकों को विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु नामित कार्यों के लिए मुक्त नहीं किया जा रहा है।

उक्त के सम्बन्ध में माननीय कुलपति महोदया के निर्देशानुसार अनुरोध किया जाता है कि विश्वविद्यालय परीक्षाओं हेतु नामित शिक्षकों को मुक्त करने का कष्ट करें, ताकि विश्वविद्यालय परीक्षाओं के संचालन में कोई अवरोध उत्पन्न न हो।

भवदीय,
24.01.2024
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :– सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।

24/01
उप कुलसचिव (परीक्षा)